दैनिक
# क्रांति समय
सुरत से प्रकाशित प्रात:कालीन
RNI.No. : GUJHIN/2018/75100
संपादक : सुरेश मौया मो. 9879141480
E-mail: krantisamay@gmail.com
वर्ष: 2 अंक: 52, पेज: 4, मुल्य 1 रु.
गुरुवार 23 अप्रैल 2020
ऑफिस:- 191 महादेव नगर, हरि नगर-2 के पीछे, उधना, जिला-सूरत, गुजरात
Web site : www.krantisamay.com & .in , epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

## जब प्रधानमंत्री ने लगाया 106 वर्षीय पूर्व विधायक को फोन

लखनऊ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जीवन के 106 वसंत देख चुके जनसंघ के पूर्व विधायक श्रीनारायण उर्फ भुलई भाई को फोनकर उनका हालचाल पूछा और कोरोना संक्रमण के इस मुश्किल वक्त में उनसे आशीर्वाद भी मांगा। कुशीनगर के रामकोला ब्लॉक स्थित पगर गांव के मूल निवासी भुलई भाई 1974 और 1980 में जिले की नौरंगिया सीट (अब खड्डा) से विधायक चुने गये थे। भुलई भाई ने बताया प्रधानमंत्री मोदी जी ने मुझे नमस्कार किया और मेरी और मेरे परिवार की खैरियत पूछी। उन्होंने मजाकिया लहजे में यह भी पूछा कि अब तो आप 100 साल पूरे कर चुके होंगे। मैंने उन्हें बताया कि मैं 106 साल का हो चुका हूं।

उन्होंने बताया च्च्प्रधानमंत्री जी ने मुझसे पूछा कि मैंने अब तक चार पीढ़ियां देख ली होंगे। मैंने कहा, हां। पूर्व विधायक ने कहा च्च्उसके बाद प्रधानमंत्री ने कोरोनावायरस के कारण उत्पन्न कठिन समय में आशीर्वाद मांगा और कहा कि आपको देखे बहुत दिन हो गये हैं। भुलई भाई ने कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री को लम्बे और स्वस्थ जीवन तथा देश की यूं ही सेवा करने का आशीर्वाद दिया।

उन्होंने कहा कि कई साल पहले वह नागपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के एक कार्यक्रम में मोदी से मिले थे। उस वक्त भी वह बेहद सक्रिय कार्यकर्ता थे। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को गुजरात के पूर्व विधायक 99 वर्षीय रत्नाभाई थुम्मर को फोन किया और कोरोनावायरस महामारी के खिलाफ लड़ाई के वास्ते अपनी बचत राशि दान करने के लिए उनकी सराहना की थी।

## कोविड 19:तंबाकू उत्पादों पर प्रतिबंध सरकार का सराहनीय कदम: एसीएफ

रांची । कोरोना महामारी के चलते झारखंड के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभ. ाग के प्रधान सचिव डॉ नितिन मदन कुलकर्णी द्वारा बुधवार से पूरे राज्य में सार्वजानिक जगहों पर सभी तरह के तम्बाकू उत्पादों व सिगरेट, बीड़ी, पान मसाला, हुक्का, खैनी, जर्दा, गुटका और इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट की बिक्री एवं उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। जोकि सरकार का सराहनीय कदम है। इसके सकारात्मक परिणाम आंएगे।

अल्लामेलू चेरीटेबल फाउंडेशन (टाटा ट्रस्ट) और संबंध हेल्थ फाउंडेशन (एसएचएफ) ने राज्य सरकार के इस कदम की सराहना करते हुए बयान जारी कर कहा कि देशभर में प्रतिवर्ष करीब 13 लाख लेग इसके सेवन से होने वाली बीमारियें से बैमौत मरते है और झारख्ांड में हर साल 35000 लोगों की मृत्यु होती है। जेकि हम सभी के लिए चिंताजनक है।

वंही इससे होने वाली बीमारियें पर तंबाकू व अन्य उत्पादें से होने वाले राजस्व का बड़ा हिस्सा इस पर खर्च होता है। सिगरेट व बीड़ी के बट से व गुटखे के कागज व थूकने से जमीन पर गंदगी फैलती है, जिससे संक्रमण व बीमारियों का खतरा बढ़ता है। साथ ही उसकी साफ सफाई पर भी बहुत खर्चा होता है।

कोरोना महामारी में ये सभी उत्पाद खासतौर पर चबाने वाले तंबाकू उत्पाद बेहद खतरनाक साबित हो रहे हैं। इससे संक्रमण की संभावना अधिक है।

अल्लामेलू चेरीटेबल फाउंडेशन (टाटा ट्रस्ट) के नीरज कौशिक ने बताया कि तंबाकू का उपयोग शरीर के हर अंग को नुकसान पहुंचाता है। युवाओं में तंबाकू उत्पादों के सेवन की शुरूआत को रोकना अब तक तंबाकू की महामारी को रोकने का सबसे अच्छा समाध ाान और उपाय है। उन्होंने कहा पदार्थें की रोकथाम इलाज से बेहतर है।

कौशिक ने बताया कि झारखंड में 88 लाख लोग (38.9 प्रतिशत) किसी न किसी रुप में तंबाकू व अन्य धूम्रपान उत्पादों का उपभोग करते है। इसके साथ ही यंहा पर 147 बच्चे प्रतिदिन तंबाकू का सेवन शुरू करते हैं। जिसमें 11.1 प्रतिशत स्मोकिंग,35.4 स्मोकलेस का उपभोग करते है।

उन्होने कहा कि सरकार द्वारा जारी आदेश के प्रदेश के सभी जिलों में प्रभावी तरीके से लागू कराया जाना चाहिए,ताकि कोरोना मह. ामारी के संक्रमण की रोकथाम में भी इसकी भूमिका महत्वपूर्ण होगी।

## नौ माह की गर्भवती महिला कांस्टेबल निभा रही है अपना फर्ज

अहमदाबाद । देश सहित राज्यभर में कोरोना का कहर जारी है। लोकडाउन बीच कोरोना वोरियर्स अपने परिवार से दूर और अपनी जान जोखिम में डालकर फर्ज निभा रहे है। शहर के वटवा जीआईडीसी पुलिस थाने में महिला कांस्टेबल नौ माह की गर्भवती होने के बावजूद अपना फर्ज निभा रही है।

देश सहित राज्यभर में कोरोना वायरस का महामारी फैली हुई है। कोरोना वायरस के खिलाफ लड़ने के लिए फ्रन्ट लाइव वोरियर्स परिवार से दूर अपनी चिंता किए बगैर फर्ज निभा रहे है। लोकडाउन के बीच पुलिस कर्मी अपनी जान और परिवार की चिंता किए बगैर जी जान से अपने फर्ज पर डटे हुए है। ऐसी ही एक घटना में शहर के जशोदानगर में रहनेवाली पारूलबेन जीआईडीसी पुलिस थाने में फर्ज निभा रहे हैं। पारूलबेन का ससुराल नडियाद में है। पारूलबेन नौ की माह की गर्भवती है। गर्भवती होने के बावजूद पारूलबेन लोकडाउन का पालन कराने के लिए फर्ज निभा रही है। दो दिन स्वास्थ्य ठीक नहीं होने के बाद भी उन्होंने छुट्टी नहीं ली और पुलिस थाने में फर्ज निभा रही थी। पारूलबेन बंदोबस्त पोइन्ट पर फर्ज निभा रहे थे। हालांकि उनके स्वास्थ्य को देखते हुए उन्हें पुलिस थाने में तैनात किया गया है। उन्होंने कहा कि पीआई साब हररोज उनके स्वास्थ्य की जानकारी लेते है और स्टाफ के अन्य कर्मी भी उनका ध्यान रखते है। मेरी माता का घर पुलिस थाने के नजदिक होने के कारण उन्हें कोई परेशानी नहीं हो रही।

## कोरोना संक्रमितों का आंकड़ा 21 हजार पार, 24 घंटे में बढ़े 1,270 मरीज

नई दिल्ली देश में कोरोनावायरस संक्रमितों की संख्या 21,350 हो गई है। पिछले 24 घंटों में कोरोना के 1,270 नए मामले सामने आए हैं और 49 लोगों की मौत हुई है। वहीं, देश में कोरोना से अब तक 681 लोगों की जान जा चुकी है, हालांकि राहत की बात यह है कि 4,352 मरीज इस बीमारी से मुक्त हो गए हैं। सर्वाधिक प्रभावित महाराष्ट्र में 5,649 मामले हैं। इस प्रकार शीर्ष 7 राज्यों में ही 16837 मामले हैं। जिनमें महाराष्ट्र, गुजरात, दिल्ली, राजस्थान, तमिल. नाडु, मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश शामिल हैं।

ज्ञात रहे कि देश में कोरोना के बढ़ते मामले को देखते हुए लॉकडाउन को 3 मई तक के लिए बढ़ा दिया गया है। हालांकि 20 अप्रैल से लॉकडाउन के दौरान उन इलाकों में कुछ छूट भी दी गई है, जहां कोरोना के मामले कम हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्र के नाम संबोधन में लॉकडाउन बढ़ाने की घोषणा की थी। बता दें कि पहले चरण का लॉकडाउन 14 अप्रैल को खत्म हो रहा था।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि कोविड–19 महामारी के खिलाफ लड़ाई लड़ रहे स्वास्थ्य कर्मियों की सुरक्षा के साथ कोई समझौता नहीं किया जायेगा। उन्होंने कहा कि सरकार की इसी प्रतिबद्धता के मद्देनजर केंद्रीय मंत्रिमंडल ने एक अध्यादेश को मंजूरी दी है।

मोदी ने कहा कि यह अध्यादेश हमारे पेशेवरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिये है। प्रधानमंत्री ने कहा, 'उनकी सुरक्षा के साथ कोई समझौता नहीं किया जायेगा।' उन्होंने कहा कि महामारी संशोधन अध्यादेश 2020 कोविड–19 के खिलाफ लड़ाई में अग्रिम मोर्चे पर तैनात प्रत्येक स्वास्थ्य कर्मी की सुरक्षा सुनिश्चित करने की सरकार की प्रतिबद्धता के अनुरूप है। ज्ञात रहे कि केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा बुधवार को मंजूर किए गए अध्यादेश में कोरोनावायरस का मुकाबला कर रहे स्वास्थ्यकर्मियों के खिलाफ हिंसा को संज्ञेय और गैर जमानती अपराध बनाया गया है जिसमें सात साल तक की सजा और 5 लाख रूपये तक के जुर्माने का प्रावधान किया गया है।

## गुजरात में कोरोना केसों की संख्या 2407, अहमदाबाद में 1500 के पार – 24 घंटों में गुजरात में 229 मामले सामने, 13 मरीजों की मौत, 9 लोग ठीक हुए

अहमदाबाद : गुजरात में पिछले 24 घंटों में कोरोना के 229 केस सामने आए हैंद्य जिसमें सबसे अधिक 128 केस केवल अहमदाबाद में दर्ज हुए हैंद्य पिछले 24 घंटों में राज्य में कुल 13 मरीजों की मौत हो गई हैद्य जिसमें अहमदाबाद 10, वडोदरा में 2 और वलसाड में कोरोनाग्रस्त एक मरीज की मौत हुई।

स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख सचिव डॉ. जयंति रवि ने बताया कि बुधवार की सुबह से शाम तक गुजरात में कोरोना के 135 नए केस सामने आए हैंद्य जिसमें अहमदाबाद में 67, वडोदरा में 1, महीसागर में 9, छोटाउदेपुर में 4, बनासकांठा में 1, आणंद में 2 और सूरत में कोरोना के 51 नए मामले दर्ज हुए हैंद्य 135 नए केसों के साथ राज्य में कोरोना पॉजिटिव मरीजों की संख्या 2407 पर पहुंच गई हैद्य राज्य में कोरोना के 2125 सक्रिय मरीज हैं जिसमें 13 मरीज वेन्टीलेटर पर हैंद्य राज्य में अब तक 103 लोगों की मौत हो चुकी हैद्य जबकि 179 मरीजों के ठीक होने के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई हैद्य जयंति रवि ने बताया कि राज्य में कुल 32317 लोग कोरन्टाइन है! जिसमें 28591 होम कोरन्टाइन, सरकारी कोरन्टाइन में 3426 और प्राइवेट फैसिलिटी में 300 लोग कोरन्टाइन हैंद्य जिलेवार आंकड़ों की जानकारी देते हुए जयंति रवि ने बताया कि

अहमदाबाद में कोरोना के 1501 मरीज हैंद्य जबकि वडोदरा में 208, सूरत में 415, राजकोट में 41, भावनगर में 32, आणंद में 30, भरुच में 24, गांधीनगर में 17, पाटन में 15, पंचमहल में 11, बनासकांठा में 16, नर्मदा में 12, छोटाउदेपुर में 11, कच्छ में 6, मेहसाणा में 7, बोटाद में 9, पोरबंदर में 3, दाहोद में 4, गिर सोमनाथ में 3, खेडा में 3, जामनगर में 1, मोरबी में 1, साबरकांठा में 3, अरवल्ली में 17, महीसागर में 12, तापी में 1, वलसाड में 3 और नवसारी में कोरोना का अब तक 1 केस सामने आया है।

गुजरात में कोरोना से अब तक 103 मरीजों की मौत हो चुकी है और 179 लोगों के ठीक होने के बाद अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया हैं।

## नई दिल्ली में बुधवार को दिल्ली की आजादपुर मंडी का दृश्य।



## उत्तरप्रदेश में फंसे अन्य राज्यों के लोगों की घर वापसी का इंतजाम करेगी योगी सरकार

लखनऊ । कोरोना लॉकडाउन के कारण उत्तरप्रदेश में फंसे अन्य राज्यों के लोगा. की वापसी के लिए योगी सरकार पूरा सहयोग करेगी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अगर अन्य राज्यों के लोगों को उनके गृह राज्य की सरकार वापस बुलाने का निर्णय लेगी तो प्रदेश सरकार न सिर्फ इसकी अनुमति देगी बल्कि उन्हें वापस भेजने में मदद भी करेगी। इससे पहले सीएम योगी राजस्थान के कोटा में फंसे यूपी के छात्रों की प्रदेश वापसी करा चुके हैं। योगी ने एक हाई लेवल मीटिंग में कहा, 'रमजान का महीना प्रारम्भ हो रहा है। इस अवधि में विशेष सावधानी बरती जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि सहरी और इफ्तार के समय किसी भी प्रकार से भीड़ एकत्र न होने पाए।' मुख्यमंत्री ने कहा कि कोटा से प्रदेश वापस लौटे बच्चों को घरों में आइसोलेट किए जाने का पालन करने के लिए मुख्यमंत्री हेल्पलाइन '1076' के माध्यम से अवगत कराया जाए। उन्होंने बताया कि वह स्वयं कोटा से प्रदेश वापस आए बच्चों से बात कर उनका हालचाल लेंगे।

सीएम ने सचिवालय कर्मियों को एक–एक छोटा सैनि. टाइजर उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए। योगी ने कहा, 'लॉकडाउन का मतलब पूर्ण लॉकडाउन है इसलिए इसका सख्ती से शत–प्रतिशत पालन सुनिश्चित कराया जाए।' उन्होंने समस्त गतिविधियों में हर हाल में सामाजिक दूरी का पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने एक उच्चस्तरीय बैठक में लॉकडाउन व्यवस्था की समीक्षा के दौरान निर्देश दिए कि लॉकडाउन अवधि में आवश्यक सामग्री की सुचारु आपूर्ति बाधित नहीं होनी चाहिए।

योगी ने कहा कि प्रत्येक मण्डल मुख्यालय पर एक टेस्टिंग (जांच) प्रयोगशाला स्थापित की जाए जिससे अधिक संख्या में टेस्टिंग सम्भव हो सके। उन्होंने कहा कि अलीगढ़, सह. ारनपुर तथा मुरादाबाद संक्रमण की दृष्टि से संवेदनशील हैं इसलिए इनके मण्डलीय चिकित्सालय में टेस्टिंग प्रयोगशाला स्थापित की जाए। राज्य सरकार के एक प्रवक्ता के मुताबिक बैठक में मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि अभी तक संक्रमण प्रभावित 10 जिले कोरोना वायरस से मुक्त हो चुके हैं जबकि 22 जिले पहले से ही कोरोना वायरस से मुक्त हैं।

## 12 कोरोना पोजिटिव मरिजों में से 7 की मौत

सुरत कोरोना वायरस का महामारी फैली हुई है। हररोज पोजिटिव मरीजों की संख्या बढ रही है। कोरोना के लक्षण महिला से अधिक पुरुषो में फैल रहा है। कोरोनो पोजिटिव युवकों की संख्या अधिक होने के बावजूद महिला मरिजों की मौत अधिक हो रही हैद्य सुरत में कुल 12 पोजिटिव केस में से सात महिलाएं और 5 पुरुष शामिल है।

वैश्विक कोरोना वायरस से राज्य समेत देशभर में फैली हुई है। समग्र विश्व में कोरोना से संक्रमण का खतरा पुरुषो में अधिक हैद्य जबकि महिला पोजिटिव मरिजों की संखया कम हो रही हैद्य सुरत में हर 10 केस में 6 पुरुष शामिल हैद्य पुरुष सार्वजनिक तौर पर घूमने के कारण संक्रमण अधिक होने का अनुमान हैद्य समग्र विश्व में कोरोना वायरस के चलते महिलाओं से अधिक पुरुषों की अधिक मौत हुई हैद्य सुरत में कुल 12 मृतकों में महिलाओं की संख्या अधिकहैद्य जबकि 5 पुरुष की सुरत में मौत हुई हैद्य 41.प्रतिशत मौत का अनुपात पुरुष का हैद्य जबकि 59 प्रतिशत महिलाओं की मौत सुरत में होने की जानकारी मिली है।

## सूरत में कोरोना का अन्य 67 केस पॉजिटीव शहर में 399 ग्राम्य में 16 सहित जिल में कुल 415 पॉजिटीव रोगी दर्ज कोरोनाग्रस्त अन्य दो महिलाएं स्वस्थ होने से अस्पताल से दी गई छुट्टी

सूरत। बुधवार को नये 67 कोरोना पॉजिटीव रोगी के साथ सूरत जिले में कोरोना पॉजिटीव रोगी की संख्या 415 पर पहुंच गई है। बुधवार को कोरोना वायरस पॉजिटीव वाले दो रोगी फातेमा सरबतवाला (निवा.नाणावट) और जीन्नन अब्दुल फरीद कुरैशी के उपचार के बाद निगेटिव रिपोर्ट आने स्वस्थ होकर अस्पताल के कोरंटीन में से छुट्टी दे दी गई थी।

स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार समग्र शहर के 2839 लोग कोरंटीन हैं, जिसमें 2223 होम कोरंटीन, 612 सरकारी कोरंटीन और 4 प्राइवेट कोरंटीन में हैं। शहर में बुधवार को दर्ज नये 52 पॉजिटीव रोगियों का रिपोर्ट पोजिटिव आया। 14रोगी कतारगाम जोन विस्तार के, तीन रोगी वराछा जोन विस्तार के, एक रोगी रांदेर जोन विस्तार के, 6 रोगी सेन्ट्रल जोन विस्तार, 4 रोगी उधना जोन के, 2 रोगी अठवा जोन विस्तार से और 15 रोगी लिंबायत जोन विस्तार के होने की जानकारी मिली है। अभी तक कुल 9129 लोगों का लैबोरेटरी परीक्षण किया गया है। जिसमें से कुल 390 व्यक्ति क कोरोना पॉजिटीव रिपोर्ट है जबकि 8324 व्यक्ति के रिपोर्ट निगेटिव आए है।

अब तक 12 मरिजों को सूरत में कोरोना वायरस से मौत हुई है और 13 मरिज स्वस्थ्य होकर घर लौटे है। ग्राम्य क्षेत्र में आज एक और मरिज का रिपोर्ट पोजिटिव आने के साथ अब तक जिले में कुल 16 मरिज कोरोना संक्रमित है। बुधवार शाम तक शहर और ग्राम्य क्षेत्र सहित समग्र सूरत जिले में कुल 415 मरिजों का रिपोर्ट पोजिटिव आया है।

## दिल्ली में शुरू हुआ पत्रकारों का कोरोना टेस्ट, सीएम केजरीवाल ने कहा, आपके अच्छे स्वास्थ्य की कामना

नई दिल्ली । देश की राजधानी दिल्ली में कोरोना वायरस का असर लगातार फैलता जा रहा है। इस बीच अब दिल्ली सरकार ने कोरोना वायरस से जुड़ी कवरेज में शामिल सभी पत्रकारों का कोरोना टेस्ट करना शुरू किया गया है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने इसके बारे में बात की थी और आज टेस्ट शुरू भी हो गए हैं। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बुधवार सुबह ट्वीट कर कहा, 'मीडिया के मेरे दोस्तों, मीडियाकर्मियों के लिए कोविड टेस्ट सेंटर में टेस्ट शुरू हो गए हैं।', जिसके बाद दिल्ली सरकार ने भी पत्रकारों का टेस्ट करवाने का निर्णय लिया। बीते दिनों मुंबई में 50 से अधिक पत्रकार कोरोना वायरस से संक्रमित मिले, तो वहीं मंगलवार को चेन्नई में एक चैनल के 25 कर्मचारी भी कोरोना पॉजिटिव निकले है। धीरे–धीरे अब हर राज्य सरकार अपने यहां पत्रकारों का टेस्ट करवा रही है। अगर दिल्ली की बात करें तो यहां कोरोना वायरस के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। दिल्ली में बुधवार सुबह तक 2156 केस सामने आ चुके हैं। जबकि 47 लोग अबतक अपनी जान गंवा चुके।